



# शहर में जयकारों के साथ विराजे विघ्नहर्ता

## दस दिवसीय गणेशोत्सव का भव्य आगाज, घरों से लेकर सार्वजनिक पंडालों तक हुई विधि-विधान से स्थापना



नवभारत न्यूज

**सतना, 14 सितंबर।भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी पर सोमवार को शहर में भगवान श्री गणेश का जन्मोत्सव श्रद्धा, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया।**

सुबह से ही शहर ढोल-नगाड़ों, डीजे की धुन और गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गुंजायमान रहा। श्रद्धालु गाजे-बाजे के साथ प्रथम पूज्य भगवान गणेश की प्रतिमाएं अपने घरों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक पंडालों में स्थापना के लिए लेकर पहुंचे। शुभ मुहूर्त में विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गणपति की स्थापना के साथ ही शहर में दस दिवसीय गणेशोत्सव का भव्य शुभारंभ हो गया।

**आकर्षक पंडालों में विराजे गणपति**-गणेशोत्सव को लेकर शहर के प्रमुख चौराहों, कॉलोनियों और मोहल्लों में आकर्षक पूजा पंडाल सजाए गए हैं। विभिन्न स्थानों पर तैयार की गई झांकियां और भव्य सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। पंडालों में गणपति की विशाल एवं मनमोहक प्रतिमाओं की स्थापना की गई है, वहीं अनेक घरों में भी श्रद्धालुओं ने छोटे और आकर्षक स्वरूप में भगवान गणेश को विराजमान किया।

### प्रमुख क्षेत्रों में भी हुई स्थापना

शहर के सेमरिया चौक, धवारी, आदर्श नगर, गहरा नाला और मीरानी कॉलोनी में विधि-विधान के साथ भगवान श्री गणेश को रिद्धि-सिद्धि के साथ भगवान झूलेलाल को पंडाल में विराजमान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में बड़े सार्वजनिक पंडालों में गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। सुबह से ही इन स्थानों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। गणपति स्थापना के बाद भक्तों ने भगवान को मोदक और लड्डुओं का भोग लगाकर आरती की और सुख-समृद्धि की कामना की।

### बाजारों में दिनभर रही चहल-पहल

गणपति स्थापना को लेकर शहर के बाजारों में भी दिनभर रौनक रही। भगवान गणेश की विभिन्न आकार-प्रकार की प्रतिमाओं के साथ पूजन सामग्री, फल, फूल और सजावटी सामान की दुकानों पर खरीदारों की भीड़ रही। शाम तक बाजारों में उत्सव जैसा माहौल नजर आया। देर रात तक श्रद्धालु प्रतिमाओं को पंडालों तक पहुंचाने और सजावट को अंतिम रूप देने में जुटे रहे।

# अब तक बेनतीजा रही पुलिस की जांच

## रसूखदारों के रसूख़ के आंगे फीकी पड़ गई पुलिसिया कार्रवाई




नवभारत न्यूज

**सतना। 14 सितंबर, शहर में सोशल मीडिया प्लेफॉर्म इंस्टाग्राम में चर्चित जीसी ग्रुप से उपजा विवाद है की थमने का नाम ही नहीं ले रहा प्रतिदिन नए खुलासे हो रहें हैं लेकिन इस पूरे घटनाक्रम को लेकर पुलिस की भूमिका संदेह के घेरे में है पुलिसिया जाँच अब तक बे नतीज़ा रही है।**

विट्स कॉलेज के छात्र-छात्राओं के बीच पॉपुलर इंस्टाग्राम के जीसी ग्रुप से उपजा विवाद का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है पीड़ित छात्रा और उसके परिजन का आरोप है कि पुलिस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही विवेचना का आश्वासन देकर मामले को टालने की कोशिश कर रही है ज़ब की पीड़ित द्वारा दोषियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई के लिए पर्याप्त सबूत दिए जा चुके हैं परिजनों का कहना है कि पुलिस पूरे मामले को अलग एंगल देने की कोशिश कर रही है जब की मामला धोखे से सुनसान जगह ले जाने पर अगवा करके मारपीट करने गाली गलौज करने सहित घटना का वीडियो वायरल करने के नाम पर ब्लैकमेलिंग का है, लेकिन पुलिस सामान्य जमानती धाराओं पर मुक़दमा दर्ज की है,पीड़ित छात्रा के परिजनों ने यह भी बताया की श्रवण सेन द्वारा लगातार व्यक्तिगत तौर पर मैसेज करने, गाली देने, बात के लिए दबाव बनाने के संबंध में पुलिस द्वारा उसे आरोपी नहीं बनाया गया।

**क्यों सख्त कार्यवाही से बच रही है पुलिस**-पीड़ित छात्रा के कथन साक्ष्य देने के बाद भी पुलिस की जाँच सिर्फ आश्वासन तक सीमित रहना, संज्ञेय अपराध पर मामूली धाराओं पर मुक़दमा दर्ज करना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रही है आखिर क्या कारण है कि पुलिस सबूतों को दरकिनार कर ऐसे गंभीर मामले में असंवेदनशील रैवैया बनाये हुए है। ज़ब की वीडियो एवं अन्य साक्ष्यों से स्पष्ट हो रहा है की आरोपी लड़कियों द्वारा छात्र साथ दुर्व्यवहार किया गया है आरोपी लड़के की खिलाफ़ भी पर्याप्त सबूत हैं।

### ऐसे घटनाओं का केंद्र बन रहा विट्स कॉलेज

सोशल मिडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम, फेसबुक, व्हाट्सएप के समूहों के माध्यम से होने वाली विट्स कॉलेज के छात्रों की यह कोई पहली अनैतिक गतिविधियाँ नहीं है बल्कि पूर्व में भी विट्स के छात्रों में ऐसे समूहों के माध्यम से बड़े विवाद पैदा हो चुके है जिनमें अपराध को बढ़ावा देना, रंगदारी दिखाना, ऐसे झगड़ों को सार्वजनिक करना, आखिर विट्स कॉलेज का प्रबंधन कॉलेज में घटित होने वाली इन अनैतिक गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं करता क्या कॉलेज प्रबंधन इसके लिए उत्तरदायी नहीं ठहराया जाना चाहिए यह भी एक बड़ा सवाल है।

### मामले पर पुलिस की अब तक की कार्यवाही

पूरे मामले में पुलिस द्वारा अब तक छात्रा से मारपीट करने वाली घटना से जुड़ी चारों आरोपी लड़कियों को थाने बुलाकर उनका कथन दर्ज कर छोड़ दिया गया है वहीं मुख्य आरोपित श्रवण सेन को थाने बुलाकर कर पूछताछ कर उसका फ़ोन जब्त कर जाँच के लिए साइबर सेल भेज दिया गया है।

# बंदियों ने बनाए इको फ्रेन्डली गणपति, 3 स्थानों पर स्थापित



नवभारत न्यूज

**सतना 14 सितंबर. प्रथम आराध्य देव श्री गणेश जी का प्रकटोत्सव शहर व जिले के साथ-साथ केंद्रीय जेल में भी बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है. जिसके चलते केंद्रीय जेल परिसर में गणेश चुतर्थी के अवसर पर भक्ति भाव के साथ हर्षोल्लास छा गया है, जो कि अनंत चतुर्दशी तक जारी रहेगा.**

अधीक्षक केंद्रीय जेल सतना श्रीमती लीना कोष्टा ने जानकारी देते हुए बताया कि बंदियों द्वारा मिट्टी और प्राकृतिक रंगों का प्रयोग करते हुए इको फ्रेंडली गणेश प्रतिमाएं निर्मित की हैं. बंदियों द्वारा बनाई गई इन गणेश मूर्तियों को केंद्रीय जेल के नवीन खण्ड, पुराने खण्ड और महिला वार्ड में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए स्थापित किया गया है. भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित होने के बाद से बंदियों द्वारा पूरे भक्ति भाव के साथ भजन कीर्तन किया जा रहा है. इसी कड़ी में जेल वाणी के माध्यम से भी बंदियों को भजन सुनाए जा रहे हैं. जिससे जेल में निरुद्ध बंदियों में भक्ति भाव के साथ-साथ सकारात्मक माहौल निर्मित हो सके. इसके साथ ही महिला वार्ड में महिला बंदियों द्वारा पूरे भक्ति भाव के साथ हरितालिका तीज की व्रत रखा गया और भगवान शिव व माता पार्वती की पूजा अर्चना की गई.

### कुएं में मिला अधेड़ का शव

**सतना 14 सितंबर.** अपनी बहन घर पहुंचकर रात्रि भोज के बाद भाई अचानक लापता हो गए वहीं अगले दिन सुबह उनका शव कुएं में पड़ा मिला. प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के नागौद क्षेत्र अंतर्गत लालपुर निवासी 56 वर्षीय राम प्रकाश कुशवाहा, कंचनपुर श्यामनगर में स्थित अपने बहन के घर पहुंचे थे. बताया गया कि रविवार को रात्रि भोज के बाद वे अचानक लापता हो गए.

# सड़क हादसे में बाइक सवार 4 युवक गंभीर घायल

## सतना पन्ना मार्ग पर हुआ हादसा, मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 सितम्बर. सतना-पन्ना मार्ग पर सितपुरा प्लाई फैक्ट्री के निकट हुए सड़क हादसे में बाइक सवार चार युवक गंभी तौर पर घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज रीवा रेफर कर दिया गया।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार सतना से पन्ना जा रही एक स्लीपर बस ने सामने से आ रही बाइक को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें 23 साल के अंकुर अहिरवार का पैर कटकर सड़क पर गिर गया। उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। चारों युवक नागौद से बाइक पर सतना की तरफ आ रहे थे। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दूर जा गिरे। बस अंकुर के पैर को कुचलते हुए आगे बढ़ गई, जिससे उसका पैर कट गया। अंकुर के साथ प्रांशु वर्मा (22), तबरेज अहिरवार (24) और चंदन अहिरवार (23) भी गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। पुलिस दुर्घटना के कारणों और बस की पहचान को लेकर जांच कर रही है।

**राहगीरों ने दी सूचना**-दुर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने डायल-112 पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और एंबुलेंस की मदद से चारों घायलों को तुरंत जिला अस्पताल सतना पहुंचाया गया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सभी को रीवा रेफर कर दिया गया।

# दस हजार दीपों से जगमगाएगा व्यंकटेश लोक

▸ सांसद, महापौर और निगमायुक्त ने लिया तैयारियों का जायजा



नवभारत न्यूज

**सतना 14 सितंबर. सेवा समर्पण और जनकल्याण के 25 वर्षों के अवसर पर 17 सितंबर को व्यंकटेश लोक में आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा. इस अवसर पर व्यंकटेश लोक को 10 हजार दीपों से सजाया जाएगा.**

आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम का जायजा लेने के लिए सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश कुमार ताम्रकार और निगमायुक्त डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा नगर निगम अमले के साथ सोमवार को व्यंकटेश लोक पहुंचे. परिसर का बारीकी से निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करने और कार्यक्रम को सुव्यवस्थित एवं गगरिमामय ढंग से आयोजित करने के निर्देश दिए गए.

इस संबंध में जनसंपर्क अधिकारी ननि धीरज कुमार मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि 17 सितंबर को व्यंकटेश लोक में आयोजित होने वाला कार्यक्रम आशीर्वाद का दीया सेवा और जनकल्याण के प्रति आभार और मंगलकामना की सामूहिक अभिव्यक्ति बने, इसे लेकर सांसद, महापौर और निगमायुक्त द्वारा विशेष प्रयास किए जा रहे हैं. इस अवसर पर व्यंकटेश लोक को 10 हजार दीपों से सजाया जाएगा. लिहाजा इसी कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में जायजा लेते हुए सांसद, महापौर व निगमायुक्त द्वारा दीपों की सजावट, कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाएं तथा आयोजन से संबंधित अन्य तैयारियों का अवलोकन किया गया.

# बाढ़ पीड़ितों को समर्पित होगा अभियंता दिवस

नवभारत न्यूज

**सतना। 14 सितंबर, अभियंता एवं वास्तुविद संघ द्वारा इस वर्ष 15 सितंबर को अभियंता दिवस उत्सव के रूप में मनाने के बजाय चित्रकूट क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित परिवारों की सेवा और सहायता के रूप में समर्पित किया जाएगा.**

यह निर्णय संघ के अध्यक्ष मनोज कटारे की अध्यक्षता में लिया गया, अभियंता संघ के सचिव आर्किटेक्ट छवि त्रिपाठी ने बताया कि प्राकृतिक आपदा की इस घड़ी में समाज के प्रत्येक वर्ग का दायित्व है कि वह पीडति परिवारों के साथ खड़ा हों, इसलिए भव्य उत्सव के अनावश्यक खर्चों में कटौती कर अभियंता दिवस सेवा संदेश के साथ उस राशि एवं संसाधनों का उपयोग बाढ़ प्रभावित लोगों की सहायता के लिए किया जाए, जिसके लिए अभियंता एवं वास्तुविदो की एक टीम 15 सितम्बर को चित्रकूट जाकर बाढ़ पीडतिों को 300 कम्बल, 300 साड़ियां, बच्चों के कपड़े, घर के उपयोग में आने वाली रसद सामग्री के किट उन्हें वितरित करेगी.

# भाजपा 17 से जिले में चलाएगी सेवा संकल्प अभियान, होंगे विविध कार्यक्रम




नवभारत न्यूज

**सतना, 14 सितम्बर. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक सेवा में निरंतर 25 वर्ष पूर्ण होने के ऐतिहासिक अवसर पर बीजेपी 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक प्रदेशभर में व्यापक स्तर पर सेवा संकल्प अभियान चलाने जा रही है.**

लेकिन इस बार जनसेवा के 25 वर्ष पूरे होने पर इसे पूरे एक माह तक आयोजित करने का निर्णय लिया गया है.पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कांतिदेव सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहे हैं और बीते एक दशक में उनके नेतृत्व में देश ने गरीब कल्याण, युवा, महिला एवं किसान सशक्तिकरण, स्वास्थ्य तथा आर्थिक एवं वाणिज्यिक क्षेत्र सहित प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है. अभियान की शुरुआत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर सेवा दिवस के रूप में होगी, जिसके अंतर्गत प्रदेशभर में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे. पत्रकार वार्ता के दौरान सांसद गणेश सिंह, महापौर योगेश ताम्रकार, जिला अध्यक्ष भगवती पांडेय, प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट दीपक बलेचा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुष्मिता सिंह, जिला उपाध्यक्ष ऋषभ सिंह एवं जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे.

# आनन्द बिहार को सतना से ही चलाए जाने की मांग

नवभारत न्यूज

**सतना, 14 सितम्बर. आनंद विहार एक्सप्रेस ( गाड़ी संख्या 12427/12428 ) का संचालन सतना रेलवे स्टेशन से हटाकर कैमा स्टेशन से किए जाने के प्रस्ताव पर सतना फोटोग्राफी ट्रेड एसोसिएशन ने पुन: विचार करने की आवश्यकता है**

एसोसिएशन के अध्यक्ष वीरेन्द्र तिवारी ने मांग की है कि यात्रियों की सुविधा एवं व्यापक जनहित को देखते हुए उक्त ट्रेन का संचालन सतना रेलवे स्टेशन से ही यथावत रखा जाए तथा 23 अक्टूबर 2026 से कैमा स्टेशन से संचालन शुरू किए जाने की निर्धारित तिथि को स्थगित किया जाए। क्योंकि कैमा स्टेशन तक पहुंचने के लिए वर्तमान में सीमित एवं संकरी सड़क व्यवस्था है, जबकि स्टेशन पर भी यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ट्रेन को कैमा से संचालित किए जाने पर बड़ी संख्या में यात्रियों को आवागमन एवं अन्य सुविधाओं को लेकर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उक्त ट्रेन से यात्रा करने वाले ज्यादातर यात्री सतना रेलवे स्टेशन से ही चढ़ते और उतरते हैं। ऐसे में ट्रेन का संचालन सतना से हटाना यात्रियों के लिए असुविधाजनक होगा। सतना फोटोग्राफी ट्रेड एसोसिएशन जनहित में मांग करता है कि रीवाङ्कसतनाङ्कआनंद विहार एक्सप्रेस का संचालन सतना रेलवे स्टेशन से ही पूर्ववत रखा जाए।

# श्रीराम वनवासी छात्रावास में छह दिवसीय गणेश ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**सतना, 14 सितम्बर. गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर चिन्मय मिशन सतना द्वारा श्री राम वनवासी छात्रावास में छह दिवसीय गणेश अथर्वशीर्ष उपनिषद् ज्ञानयज्ञ का शुभारंभ किया गया।**

श्री राम वनवासी छात्रावास द्वारा प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम में इस वर्ष चिन्मय मिशन सतना को गणेश अथर्वशीर्ष पर ज्ञानयज्ञ आयोजित करने का स्नेहपूर्ण अवसर प्रदान किया गया। भगवान श्रीगणेश की कृपा एवं आयोजकों के सहयोग से आयोजित इस ज्ञानयज्ञ का उद्देश्य गणेश अथर्वशीर्ष के माध्यम से उपनिषद् के ज्ञान को सरल रूप में जन-जन तक पहुँचाना तथा जीवन में ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के विकास की दिशा में साधकों को प्रेरित करना है। ज्ञानयज्ञ की मुख्य वक्ता ब्रम्हचारिणी मिताली, चिन्मय मिशन सतना की प्रभारी हैं। प्रथम दिवस के कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक शांति मंत्र के मंगलाचरण से हुआ।

# वर्तमान में लोगों के भाषणों तक सिमटती अपनी मातृभाषा हिंदी

▸ हिंदी दिवस विशेष

नवभारत न्यूज

**सतना,14 सितम्बर. हर वर्ष 14 सितंबर का दिन देश भर में हिंदी दिवस के तौर पर मनाया जाता है. हिंदी भाषा विविधताओं से भरे इस देश को न सिर्फ एकता के सूत्र में बांधती है बल्कि यह भावों की अभिव्यक्ति का सबसे सरल जरिया भी है.**

देश को एक रखने में हिंदी का बहुत बड़ा योगदान है. 14 सितंबर के दिन ही 1949 में संविधान सभा ने हिंदी को भारत की राजभाषा बनाने का फैसला किया था. हिंदी दिवस पहली बार 14 सितंबर 1953 को मनाया गया था. हिंदी की अहमियत का अंदाजा इससे पता चलता है कि आज हिंदी दुनिया में तीसरी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है. वही दूसरी ओर सरकारी दफ्तरों में पखवाड़े आयोजित हुए और मंचों से भाषा के गौरव पर लंबे भाषण दिए गए लेकिन इन आयोजनों की चमक-दमक के पीछे एक कड़वी सच्चाई यह भी है कि व्यावहारिक धरातल पर हिंदी अपनी ही जमीन पर हाशिए की ओर खिसक रही है. दैनिक बोलचाल में हिंदी अब पूरी तरह हिंग्लिश में बदल चुकी है. समस्या दूसरी भाषाओं के सहज शब्दों को अपनाने से नहीं, बल्कि हिंदी के अपने मूल शब्दों के तेजी से गायब होने से है. युवा पीढ़ी के लिए हिंदी केवल बुनियादी क्रिया पदों तक सीमित रह गई है. इसके साथ ही सोशल मीडिया और मैसेजिंग ऐप्स ने देवनागरी लिपि को सबसे गहरा नुकसान पहुंचाया है. आज अधिकांश युवा हिंदी संदेश लिखने के लिए रोमन लिपि का उपयोग करते हैं जिससे नई पीढ़ी देवनागरी पढ़ने की सहज गति और शुद्ध वर्तनी दोनों भूलती जा रही है. इस भाषाई संकट की सबसे बड़ी वजह हिंदी का रोजगार और आधुनिक अर्थव्यवस्था से पूरी तरह न जुड़ पाना है. कॉर्पोरेट जगत, उच्च तकनीकी शिक्षा, विज्ञान और न्यायपालिका में आज भी अंग्रेजी का ही एकतरफा वर्चस्व है.



हिंदी को बचाने की लड़ाई अब मंचों और सम्मेलनों से बाहर आकर बाजार और रोजगार के स्तर पर लड़नी होगी. जब तक विज्ञान, तकनीक, चिकित्सा और न्यायपालिका में हिंदी को सम्मानजनक स्थान नहीं मिलेगा.

**प्रो. डॉ. अनुराग तिवारी**



आज डिजिटल माध्यमों, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया पर हिंदी का दायरा दुनिया भर में फैला है, जो बेहद सुखद है. लेकिन चुनौती यह है कि इस विस्तार में हम अपनी देवनागरी लिपि और मूल शब्दावली को पीछे छोड़ते जा रहे हैं.

**प्रो. डॉ. श्रीकांत शुक्ला**



कमी बस इतनी रह गई है कि हमने इसे मनोरंजन का माध्यम तो बना लिया, लेकिन उच्च अकादमिक शोध, विज्ञान और तकनीक में अब भी अनुवाद पर निर्भर हैं. जब हिंदी मौलिक शोध की भाषा बनेगी तभी इसका वास्तविक उत्थान होगा.

**प्रो.डॉ. बृजेश धर द्वेदी**



यह उत्साह जनक है कि देश के कई तकनीकी और चिकित्सा संस्थानों में हिंदी माध्यम से पढ़ाई की पहल शुरू हुई है, जिससे भाषाई खाई पटने की उम्मीद जगी है. हालांकि, जमीनी हकीकत यह भी है कि कॉरपोरेट जगत और रोजगार के बड़े बाजारों में अभी भी अंग्रेजी को ही योग्यता का पैमाना माना जाता है.

**प्रो. डॉ.अमित शुक्ला**



हिंदी हमारी राजभाषा, संपर्क भाषा और अघोषित रूप से राष्ट्रभाषा है. यह हमारे विचारों और भावों की सशक्त संवाहक होने के साथ-साथ हमारी सांस्कृतिक अस्मिता की पहचान, रक्षक और अनमोल धरोहर है. हमारी समस्त सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराएं और गौरवशाली इतिहास इसी में समाहित हैं.

**डॉ. शिप्रा द्विवेदी**

## एक नजर में




### सेवा संकल्प की अनवरत सेवा अनुकरणीय : शर्मा

**सतना,** जिला अस्पताल परिसर में जरूरतमंद मरीजों एवं उनके परिजनों को निरंतर भोजन उपलब्ध कराने वाले सेवा संकल्प के सेवाकार्य की नवागत सिटी कोतवाली थाना प्रभारी हेमंत शर्मा ने सराहना की। उन्होंने सेवा संकल्प परिसर पहुंचकर स्वयं भोजन वितरण किया और इस पुनीत कार्य में जुटे सेवादारों का उत्साहवर्धन किया।



### तैयारियों का सांसद ने किया निरीक्षण


सतना. बीटीआई ग्राउंड सतना में 19 सितंबर को आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सांसद गणेश सिंह ने सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। कार्यक्रम में सांसद के प्रयासों से दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल सहित अन्य सहायक उपकरण प्रदान किए जाने हैं। निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल की व्यवस्थाओं, लाभार्थियों के बैठने, उपकरणों की उपलब्धता और वितरण व्यवस्था का जायजा लिया गया।

### डॉ. अनिल मित्तल ने श्रीलंका में प्रस्तुत किया शोधपत्र



सतना। एकेएस विश्वविद्यालय, सतना के खनन विभाग के प्रोफेसर डॉ. अनिल कुमार (ए.के.) मित्तल ने श्रीलंका के कोलंबो में आयोजित अर्थ रिसोर्स मैनेजमेंट एंड एनवायरनमेंट इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस-2026 में अपना शोधपत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का अकादमिक प्रतिनिधित्व किया। 14 सितंबर को आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में उन्होंने ङ्गसोहागपुर कोलफील्ड, जिला शहडोल, मध्य प्रदेश, भारत के खनन प्रभावित क्षेत्रों में भूजल-सतही जल अंतर्संबंध का मूल्यांकनङ्ग विषय पर शोध प्रस्तुत किया।

### इमामुद्दीन को मातृ शोक



सतना। वरिष्ठ पत्रकार इमामुद्दीन सिद्दीकी की माताश्री का निधन आज सोमवार शाम 7.15 पर निज निवास बांधवग? कॉलोनी में हो गया है। उनको मंगलवार को सुपुर्द ए खाक किया जाएगा।